# गोलमाल 5 की कितनी शूटिंग हुई पूरी

**बॉलीवुड** एक्टर अजय देवगन की इस साल एक पिक्चर रिलीज हो चुकी है. साथ ही 2 अक्टूबर को 'दृश्यम 3' रिलीज हो जाएगी, जिसके लिए फिलहाल एक्टर्स तेजी से प्रमोशंस कर रहे हैं. यूं तो अजय देवगन की इस साल के एंड में 'रेंजर' भी आने वाली है. वहीं और भी प्रोजेक्ट्स उनके खाते में हैं, जिनका लगातार कर रहे हैं. जिनमें से एक 'गोलमाल 5' भी है, जिस पर वो लगातार काम कर रहे हैं.

फिल्म में अजय देवगन के अलावा अक्षय कुमार, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, कुणाल खेमू और शरमन जोशी भी हैं.



अब फिल्म को लेकर शरमन जोशी ने कहा कि, गोलमाल 5 की शूटिंग पूरी कर ली है. रोहित शेट्टी और अजय देवगन की 'गोलमाल 5' का लंबे वक्त से इंतजार हो रहा है. अब शरमन जोशी ने बताया कि शूटिंग पूरी होने के साथ, फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन में चली गई है. एक्टर फिल्म के लेटेस्ट चैप्टर में लक्ष्मण का रोल निभा रहे हैं. जिन्होंने फिल्म में फिर से अजय देवगन के साथ काम करने को लेकर बात की है. वो कहते हैं कि- 'अजय सर के साथ गोलमाल में काम करना मेरे लिए बहुत ही खूबसूरत मौका रहा है, जो मुझे दोबारा मिला है. मैंने इस जर्नी को बहुत एन्जॉय किया है.

# अफेयर वाले दावों पर गोविंदा ने तोड़ी चुप्पी

**बॉलीवुड** के जाने-माने एक्टर गोविंदा और उनकी वाइफ सुनीता अहूजा के बीच चल रही जुबानी जंग रुकने का नाम नहीं ले रही है. कुछ टाइम पहले सुनीता ने गोविंदा पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के सीरियस आरोप लगाए थे. लंबे टाइम तक इस मामले पर चुप रहने के बाद, अब एक्टर गोविंदा ने मुंबई में आयोजित 'युवा शक्ति दही हांडी' इवेंट के दौरान पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है और एक बहुत ही इमोशनल बात कही है. अपनी बात रखते हुए एक्टर गोविंदा काफी इमोशनल दिखे. उन्होंने अपने फैंस से अपील करते हुए कहा, 'मुझे इस टाइम आप लोगों के सपोर्ट और साथ की बहुत जरूरत है. बिल्कुल वैसा ही प्यार और साथ चाहिए जैसा आप सालों से मुझे देते आए हैं.' इसके साथ ही उन्होंने अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स 'रूपा' और 'दुनियादारी' का भी जिक्र किया.

### क्या है दोनों के बीच का पूरा विवाद

आपको बता दें कि पिछले कुछ महीनों से गोविंदा और सुनीता की शादीशुदा जिंदगी में प्रॉब्लम की खबरें मीडिया में छाई हुई हैं. सुनीता अहूजा ने कई इंटरव्यूज में गोविंदा की पर्सनल लाइफ और उनके अफेयर को लेकर खुलकर बातें कही थीं. हालांकि उस टाइम गोविंदा ने ज्यादा कुछ नहीं कहा था, लेकिन मुंबई के दही हांडी इवेंट में उनका यह रूप दिखाता है कि वे अब इन विवादों को हमेशा के लिए खत्म करना चाहते हैं.


### 'माता रानी से दुआ है कि सब कुछ साफ हो जाए'

दही हांडी इवेंट में स्टेज से लोगों को एड्रेस करते हुए एक्टर गोविंदा ने अपनी वाइफ का डायरेक्ट नाम तो नहीं लिया, लेकिन घर के झगड़े की तरफ इशारा करते हुए कहा, 'बहुत सी बातें हवा में लिख दी गई हैं. मैं माता रानी से यही दुआ करता हूं कि वो सब बातें साफ हो जाएं और गोविंदा उन गलतफहमियों को दूर कर सके.'

उनके इस बयान को सीधे तौर पर सुनीता अहूजा के आरोपों के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है.



## टेलीविजन हलचल




### ईशान-नयनिका की शादी में होगी इंद्रनील की एंट्री

**सीरियल** 'सैराब' में आने वाले एपिसोड काफी रोमांचक होने वाले हैं. ईशान और नयनिका आखिरकार अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने की तैयारी कर रहे हैं. दोनों की शादी की तारीख तय हो चुकी है और घर में खुशियों का माहौल है. परिवार के साथ बच्चे भी इस खास मौके को सेलिब्रेट करने के लिए उनसे मिलने पहुंचेंगे. लेकिन शादी की खुशियों के बीच कहानी में ऐसा ट्विस्ट आएगा, जिसकी शायद किसी ने कल्पना नहीं की होगी. ईशान की कोशिश होगी कि टिन्नी अपनी मां नयनिका के लिए मुंबई आए और शादी में शामिल हो. हालांकि, टिन्नी उसकी बात मानने से साफ इनकार कर देगी. वह नयनिका से अपने रिश्ते को पूरी तरह खत्म मानती है और कहेगी कि उसका अब अपनी मां से कोई लेना-देना नहीं है. टिन्नी का यह फैसला ईशान और नयनिका दोनों के लिए भावनात्मक झटका साबित होगा. लेकिन कहानी का सबसे बड़ा मोड़ इसके बाद आएगा. नयनिका की जिंदगी से दूर जा चुका उसका पूर्व पति इंद्रनील अचानक ईशान और नयनिका की शादी में पहुंच जाएगा. इंद्रनील ने भले ही नयनिका को अपनी जिंदगी में आगे बढ़ते हुए देखा हो, लेकिन उसके लिए यह स्वीकार करना आसान नहीं होगा कि नयनिका अब किसी और के साथ खुश है. नयनिका को खुश देखकर इंद्रनील को उनके पुराने रिश्ते और साथ बिताए खूबसूरत पल याद आने लगेंगे. उसके मन में यह ख्याल भी आएगा कि काश वह समय को पीछे ले जा पाता और उन पलों को दोबारा जी पाता. इंद्रनील की अचानक मौजूदगी से ईशान भी असुरक्षित महसूस करने लगेगा. शादी के जश्न के बीच पुराने रिश्ते की वापसी से हालात बिगड़ने की आशंका है.

# प्रेग्नेंसी में गौ सेवा करती दिखीं सामंथा

**सामंथा** रुथ प्रभु के घर किलकारी गूंजने वाली है। वे अपने पति फिल्म मेकर राज निदिमोरु के साथ पहले बच्चे का स्वागत करेंगी. गर्भावस्था के दौरान सामंथा अपना खूब ख्याल रख रही हैं. शारीरिक सेहत के साथ-साथ मानसिक सेहत का भी ख्याल रख रही हैं. हाल ही में उन्होंने ईशा फाउंडेशन पहुंचकर गौ सेवा की. सामंथा अपने हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी जिंदगी के पिछले पांच वर्षों की यात्रा पर बात करती नजर आई हैं.

इसी के साथ उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि एक सही मेंटर आपका मार्गदर्शक किस तरह कर सकता है.सामंथा ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'ऐसे लोगों और जगहों को ढूंढिए, जो आपको आगे बढ़ने में मदद करें. मुझे लगता है कि जिंदगी में एक समय ऐसा आता है जब आपको लगने लगता है कि आप खुद को अच्छी तरह जानते हैं. खुद से कहते हैं, 'मैं यही हूं. ये मेरी खूबियां हैं, ये मेरी कमियां हैं.

ये मेरा तरीका है. शायद मैं बस यहीं तक जा सकता/सकती हूं. लेकिन, पिछले पांच वर्षों ने मुझे कुछ और ही सिखाया है'.



# बच्चों के लिए इमोशनल हुईं फरहा, साझा की तस्वीरें

**फिल्ममेकर** और कोरियोग्राफर फराह खान और शिरीष कुंदर के ट्रिपलेट्स अब बड़े हो गए हैं. उनके बच्चे सीजर, दीवा और अन्या पढ़ाई के लिए मुंबई से दूर अमेरिका चले गए हैं.

तीनों अलग-अलग यूनिवर्सिटी और तीन अलग-अलग शहरों में अपनी आगे की पढ़ाई पूरी करेंगे. बच्चों को विदा करते हुए फराह खान काफी इमोशनल नजर आईं. फराह खान ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं. इन तस्वीरों में वह अपने तीनों बच्चों के साथ समय बिताती नजर आ रही हैं. बच्चों को कॉलेज छोड़ने के दौरान फराह के लिए यह पल काफी भावुक रहा.



# क्या राम चरण-जूनियर एनटीआर फिर आएंगे साथ

## जाने आरआरआर 2 का सच

**एस.एस.** राजामौली के डायरेक्शन में बनी फिल्म आरआरआर' ने न सिर्फ भारत, बल्कि पूरी दुनिया में अपनी कामयाबी का डंका बजाया. दोनों तेलुगु सुपरस्टार्स राम चरण और जूनियर एनटीआर की स्क्रीन प्रेजेंस और ऑन-स्क्रीन भाईचारे ने दर्शकों का दिल जीत लिया था.



उनके बीच के इमोशनल सीन्स और हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस आज भी रोंगटे खड़े कर देते हैं. फिल्म ने दुनिया भर में 1200 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था. वहीं, अमेरिका, जापान और पश्चिमी देशों के दर्शकों और डायरेक्टर्स ने भी इस फिल्म के सिनेमाई एक्सपीरियंस की तारीफ की थी.

**क्या है आरआरआर का सीक्वल बनने का सच-** आरआरआर के सीक्वल की संभावना पर एमएम कीरावानी जो बात कर रहे हैं, यह वीडियो असल में पुराना है. जब कीरावनी ने आरआरआर 2 के बारे में बात की थी. लेकिन यह क्लिप फिर से सामने आया है इसे एक ताजा अपडेट के तौर पर पेश किया जा रहा है.

## ऑटो मोबाइल

# किआ कैरेंस क्लेविस सीएनजी जल्द होगी लॉन्च

**किआ** मोटर्स भारतीय बाजार में अपने लोकप्रिय एमपीवी मॉडल कैरेंस और कैरेंस क्लेविस के सीएनजी संस्करण को उतारने की तैयारी कर रही है. कंपनी ने सोरेंटो के लॉन्च के मौके पर इन दोनों मॉडलों के सीएनजी संस्करण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है.

इसके साथ ही लंबे समय से चल रही किआ की सीएनजी बाजार में प्रवेश की योजना अब आगे बढ़ती नजर आ रही है. दोनों एमपीवी में 1.5 लीटर नेचुरली एस्पिरेटेड इंजन के साथ फैक्ट्री फिटेड सीएनजी किट उपलब्ध कराई जाएगी. किआ कैरेंस में पहले से सीएनजी किट लगाने का विकल्प मौजूद था, लेकिन यह किट डीलर स्तर पर फिट की जाती थी. अब कंपनी सीधे फैक्ट्री से सीएनजी किट के साथ कैरेंस और कैरेंस क्लेविस को पेश करने की तैयारी में है. इससे ग्राहकों को कंपनी की ओर से तैयार और प्रमाणित सीएनजी सेटअप मिलने की उम्मीद है. दोनों वाहनों में बूट में 60 लीटर क्षमता का सीएनजी टैंक दिया जाएगा. सीएनजी टैंक की वजह से बूट स्पेस पर असर पड़ सकता है, लेकिन एमपीवी होने के कारण कैरेंस और कैरेंस क्लेविस में यात्रियों के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध रहने की उम्मीद है.

फिलहाल किआ ने कैरेंस और कैरेंस क्लेविस सीएनजी की कीमतों की घोषणा नहीं की है. इनके लॉन्च की तारीख भी आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आई है. कंपनी आने वाले समय में इनकी कीमत और उपलब्धता से जुड़ी जानकारी जारी कर सकती है.

कंपनी के अनुसार इन दोनों मॉडल का माइलेज 25 किलोमीटर तक हो सकता है, हालांकि वास्तविक माइलेज सड़क, ट्रैफिक, ड्राइविंग शैली और वाहन पर लोड जैसे कई कारकों पर निर्भर करेगा.




# नई बलेनो में आएंगे ये धांसू फीचर्स, बदल जाएगा लुक




**मारुती** सुजुकी बलेनो भारतीय बाजार की उन प्रीमियम हैचबैक कारों में शामिल है, जिसने लंबे समय से ग्राहकों के बीच अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी है. अब कंपनी इसके नए रूप को बाजार में उतारने की तैयारी कर रही है. नई बलेनो फेसलिफ्ट को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा इसके डिजाइन और आधुनिक सुविधाओं की है. परीक्षण के दौरान इस कार के कई नमूने देखे जा चुके हैं, जिनसे अंदाजा लगाया जा रहा है कि आने वाले मॉडल में मौजूदा बलेनो की तुलना में कई बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं.

सबसे बड़ा बदलाव इसकी सुरक्षा व्यवस्था में होने की उम्मीद है. नई बलेनो में स्तर-2 उन्नत चालक सहायता प्रणाली मिलने की संभावना जताई जा रही है. अगर कंपनी इसे उत्पादन मॉडल में शामिल करती है, तो यह कार को आधुनिक चालक सहायता तकनीक से लैस करेगी. इस प्रणाली के जरिए वाहन चलाते समय चालक को कई तरह की सहायता मिलने की उम्मीद है. हालांकि, इसमें मिलने वाली सुविधाओं और उनकी उपलब्धता की सही जानकारी कार के बाजार में आने के समय ही सामने आएगी.

सुविधाओं की बात करें तो नई बलेनो के अंदरूनी हिस्से में भी कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए जा सकते हैं. मौजूदा अंदरूनी बनावट को बरकरार रखते हुए कंपनी इसे पहले से ज्यादा शानदार बनाने की कोशिश कर सकती है. इसमें नया दोहरे रंग वाला अंदरूनी रूप और बेहतर गुणवत्ता वाले सीट आवरण देखने को मिल सकते हैं. इसके अलावा मनोरंजन और जानकारी देने वाली व्यवस्था के लिए पहले से बड़ी स्पर्श स्क्रीन दिए जाने की उम्मीद है. नई बलेनो में हवादार आगे की सीटें भी खास आकर्षण बन सकती हैं.

# सबसे सस्ता चेतक कितना दमदार, जानें रिव्यू



**भारतीय** बाजार में इलेक्ट्रिक स्कूटरों की मांग लगातार बढ़ रही है और इसी के साथ ग्राहकों के सामने विकल्प भी बढ़ते जा रहे हैं. ऐसे में किसी इलेक्ट्रिक स्कूटर को खरीदने से पहले केवल उसकी कीमत या दावा की गई रेंज देखना पर्याप्त नहीं है. रोजमर्रा की सवारी में उसका प्रदर्शन, आराम, चलाने का अनुभव, चार्जिंग सुविधा, सामान रखने की जगह और निर्माण गुणवत्ता जैसी कई चीजें भी अहम हो जाती हैं. इसी वजह से हमने बजाज के किफायती चेतक को कई अलग-अलग कसौटियों पर परखने की कोशिश की.

# होंडा रिबेल 300 क्रूजर सेगमेंट में करेगी धमाका

## दमदार इंजन के साथ कैसे हैं फीचर्स

**भारतीय** दोपहिया बाजार में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अपनी नई क्रूजर मोटरसाइकिल हौंडा रिबेल 300 को आधिकारिक तौर पर लॉन्च कर दिया है. आकर्षक डिजाइन, दमदार इंजन और आधुनिक सुविधाओं के साथ पेश की गई यह मोटरसाइकिल उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर लाई गई है, जो रोजमर्रा के इस्तेमाल के साथ लंबी दूरी के सफर के लिए भी आरामदायक और स्टाइलिश मोटरसाइकिल की तलाश में रहते हैं. कंपनी ने इस मोटरसाइकिल को कुछ समय पहले पेश किया था और अब इसे भारतीय बाजार में बिक्री के लिए उतार दिया गया है. नई हौंडा रिबेल 300 का सबसे खास आकर्षण इसका क्रूजर डिजाइन है. मोटरसाइकिल को कम ऊंचाई वाली सीट, चौड़े हैंडलबार और मस्कुलर बॉडी के साथ तैयार किया गया है. इसका डिजाइन पहली नजर में ही इसे सामान्य मोटरसाइकिलों से अलग पहचान देता है. कंपनी ने इसके बाहरी रूप में आधुनिकता के साथ-साथ क्रूजर मोटरसाइकिल वाली पारंपरिक शैली को भी बनाए रखने की कोशिश की है.



## यंग इंडिया




# यूआईआईसी में 225 पदों पर भर्ती

## जाने कैसे मिलेगा अधिकारी पद

**सरकारी** नौकरी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड यानी यूआईआईसी ने बड़ा अवसर दिया है. कंपनी ने प्रशासनिक अधिकारी स्तर-1 के कुल 225 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है. इन पदों में 200 पद प्रशासनिक अधिकारी-जनरलिस्ट और 25 पद प्रशासनिक अधिकारी-हिंदी अधिकारी के लिए हैं. आवेदन प्रक्रिया 8 सितंबर 2026 से शुरू होगी और इच्छुक उम्मीदवार 28 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे.


इस भर्ती के जरिए चयनित उम्मीदवारों को सरकारी बीमा कंपनी में अधिकारी के तौर पर काम करने का मौका मिलेगा. भर्ती की खास बात यह है कि जनरलिस्ट पदों के लिए किसी एक विशेष विषय की डिग्री अनिवार्य नहीं रखी गई है. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री रखने वाले उम्मीदवार निर्धारित अंकों के साथ आवेदन कर सकते हैं. सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक जरूरी हैं, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं.

हिंदी अधिकारी के पद के लिए संबंधित विषय संयोजन के साथ स्नातकोत्तर डिग्री जरूरी है. इसके अलावा उम्मीदवारों के पास कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान भी होना चाहिए.

# यूपी में आंगनवाड़ी के 105 पदों पर भर्ती

## 12वीं पास करें आवेदन

**उत्तर** प्रदेश में नौकरी की तलाश कर रही महिलाओं के लिए रोजगार का अच्छा अवसर सामने आया है. अमरोहा जिले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 105 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है. जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय की ओर से इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं. भर्ती की खास बात यह है कि इसमें केवल महिला उम्मीदवार ही आवेदन कर सकती हैं. वहीं, आवेदन करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास रखी गई है. इस भर्ती के लिए पात्र महिलाएं 24 सितंबर 2026 की रात 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं. आवेदन की अंतिम तारीख नजदीक होने के कारण उम्मीदवारों को समय रहते अपना आवेदन पूरा कर लेना चाहिए. अंतिम समय में वेबसाइट पर अधिक भार या किसी तकनीकी समस्या से बचने के लिए पहले ही आवेदन करना बेहतर रहेगा.



**कौन कर सकता है आवेदन?-** अमरोहा जिले में निकली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भर्ती के लिए केवल महिला उम्मीदवार पात्र हैं. उम्मीदवार का कम से कम 12वीं कक्षा पास होना जरूरी है. इसके साथ ही भर्ती में स्थानीय निवास को भी महत्वपूर्ण शर्त बनाया गया है. चयन संबंधित गांव या वार्ड में उम्मीदवार के निवास के आधार पर किया जाएगा. इसलिए आवेदन करने से पहले महिलाओं को यह जरूर देखना चाहिए कि वह जिस पद के लिए आवेदन कर रही हैं, उससे संबंधित गांव या वार्ड की निवास संबंधी शर्त पूरी करती हैं या नहीं.

### कैसे होगा चयन?

इस भर्ती में चयन के लिए निर्धारित नियमों और पात्रता शर्तों के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा. स्थानीय निवास को चयन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण आधार बनाया गया है. इसलिए आवेदन पत्र में दी गई जानकारी और निवास से संबंधित विवरण सही होना बेहद जरूरी है. गलत जानकारी देने पर उम्मीदवार की दावेदारी प्रभावित हो सकती है.

# सरकारी कंपनी में नौकरी का मौका

## 31 पद पर होगी भर्ती

**सरकारी** क्षेत्र की कंपनी में नौकरी पाने का सपना देख रहे उम्मीदवारों के लिए गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने रोजगार का नया अवसर दिया है. कंपनी ने ट्रेनी प्रोजेक्ट एग्जीक्यूटिव के 31 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है. इस भर्ती में इंजीनियरिंग और वित्त क्षेत्र से संबंधित योग्यता रखने वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं. सरकारी कंपनी में काम करने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए यह भर्ती खास हो सकती है, क्योंकि चयनित उम्मीदवारों को निर्धारित वेतन के अलावा कंपनी के नियमों के अनुसार अन्य सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा.

गोवा शिपयार्ड लिमिटेड देश की प्रमुख जहाज निर्माण कंपनियों में शामिल है और यह भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन काम करती है. कंपनी की ओर से समय-समय पर अलग-अलग तकनीकी और गैर-तकनीकी पदों पर भर्ती की जाती है. इस बार ट्रेनी प्रोजेक्ट एग्जीक्यूटिव के पदों के लिए उम्मीदवारों से संबंधित शैक्षणिक योग्यता मांगी गई है. शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो इंजीनियरिंग से जुड़े पदों के लिए संबंधित शाखा में इंजीनियरिंग की डिग्री रखने वाले उम्मीदवार पात्र हो सकते हैं. वहीं वित्त से संबंधित पदों के लिए निर्धारित वित्तीय योग्यता जरूरी होगी.



उम्मीदवारों को सलाह है कि वे अपने पद के अनुसार शैक्षणिक योग्यता की पूरी जानकारी आधिकारिक भर्ती अधिसूचना में जरूर जांचें. इस भर्ती की एक खास बात यह है कि चयनित उम्मीदवारों को ट्रेनी प्रोजेक्ट एग्जीक्यूटिव के तौर पर काम करने का अवसर मिलेगा.